हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 21 दिसंबर 2025

04 जलापूर्ति के नहीं पर्याप्त इंतजाम, मात्र एक हैंडपंप...



07 11 हजार गैस उपभोक्ताओं की ई-केवायसी ...





## खबर संक्षेप

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज बुधनी आएंगे

**बुधनी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान 21 दिसंबर को दोपहर 2 बजे बुधनी स्थित सेंट्रल फार्म मशीनरी ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टीट्यूट पहुंचेंगे और वहां आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। दोपहर 3:30 बजे सलकनपुर पहुंचेंगे और पीएचई तथा पीडब्ल्यूडी विभागों के कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे शाम 5 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

### वीआईटी मामला: दाल-राजमा में 'पेस्टीसाइड' मिलने से कैटरर्स पर लटकी तलवार, रूपरेखा तैयार करने का इंतजार

# खाने के 32 में से 12 सैंपल फेल, सोमवार को सीहोर आएगी रिपोर्ट, फिर तय होगी कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा निरीक्षक ने बताया कि उन्हें लैब से सैंपल फेल होने की प्राथमिक सूचना मिल गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कोठरी स्थित वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) कैंपस में खाने की गुणवत्ता को लेकर मचा बवाल अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। मेस से लिए गए खाद्य पदार्थों के जो नमूने जांच के लिए भेजे गए थे, उनमें से 12 सैंपल असुरक्षित पाए गए हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि दाल और राजमा में जानलेवा कीटनाशक (पेस्टीसाइड) के अवशेष मिले हैं।

खाद्य सुरक्षा निरीक्षक भावना ठाकुर ने बताया कि उन्हें लैब से सैंपल फेल होने की प्राथमिक सूचना मिल गई है। अधिकृत रिपोर्ट सोमवार को हमारे पास (जिला मुख्यालय) आएगी। इसके साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों से आगामी कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश भी प्राप्त होंगे। कुल मिलाकर सोमवार को फाइनल रिपोर्ट आने के बाद ही अगली कार्रवाई की रूपरेखा तय होगी।




#### 4 बड़े कैटरर्स जांच में फेल

बता दें छात्रों द्वारा लगातार की जा रही फूड प्वाइजनिंग की शिकायतों के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कैंपस में 5 कैटरर्स के यहां से 32 सैंपल लिए थे। बताया जा रहा है कि इनमें से 4 प्रमुख कैटरर्स (जेएमबी कैटरर्स, रेसेंस प्राइवेट लिमिटेड, एबी कैटरिंग और सफल सिनर्जी) के 12 नमूने पूरी तरह फेल हो गए हैं। दाल, राजमा और आटे जैसी बुनियादी चीजों में कीटनाशक का मिलना छात्रों के लिवर और आंतों के लिए (साइलेंट किलर) माना जा रहा है।

#### ऐसे हुई थी विवाद की शुरुआत

विवाद और हंगामा: नवंबर के अंत में सोशल मीडिया पर छात्रा की बीमारी और मौत की अफवाहों के बाद कैंपस में तोड़फोड़, आगजनी व प्रदर्शन हुआ था। छात्रों ने आरोप लगाया था कि दूषित भोजन और पानी से वे बीमार पड़ रहे हैं।

प्रबंधन का 49 पन्नों का जवाब: सरकार द्वारा जारी शो-कॉज नोटिस के जवाब में यूनिवर्सिटी ने 49 पन्नों का स्पष्टीकरण भेजा है। प्रबंधन ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे 'फेक न्यूज' और अफवाहों से प्रेरित बताया था।

यूनिवर्सिटी का दावा: संस्थान का कहना है कि 17 हजार से अधिक छात्रों में से केवल 35 को पीलिया के लक्षण थे, जिनका इलाज कराया गया। कैंपस में पानी की जांच आईएसओ मानकों के अनुरूप होती है।

तोड़फोड़ की शिकायत: प्रबंधन के अनुसार प्रदर्शन के दौरान उपद्रवी तत्वों ने एम्बुलेंस, बस और कारों को आग लगा दी और लैब के कंप्यूटर सिस्टम को नष्ट कर दिया।

#### दिशा निर्देश के बाद कार्रवाई की जाएगी

वीआईटी मेस के खाने के सैंपल असुरक्षित पाए गए हैं, वरिष्ठ कार्यालय से मौखिक रूप से जानकारी मिली है। अधिकृत रूप से जिला मुख्यालय यह फाइनल रिपोर्ट सोमवार को आएगी, इसके साथ ही यह भी दिशा निर्देश आएंगे कि आगे क्या कार्रवाई करना है, उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी।

**भावना ठाकुर,** खाद्य सुरक्षा निरीक्षक सीहोर

## एसपी दीपक कुमार शुक्ला के 'क्वालिटी विजन' को मिली वैश्विक पहचान, एसपी ऑफिस अब आईएसओ प्रमाणित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस की कार्यप्रणाली में आधुनिकता और पारदर्शिता लाने के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के प्रयासों पर अंतरराष्ट्रीय मुहर लग गई है। उनके नेतृत्व में कार्यालय के कायाकल्प और बेहतर नागरिक सुविधाओं के चलते सीहोर एसपी कार्यालय को प्रतिष्ठित आईएसओ 9001:2015 सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। आईजी अभय सिंह ने एसपी शुक्ला की मौजूदगी में यह प्रमाण पत्र सौंपते हुए उनकी टीम की कार्यकुशलता की सराहना की।

आईएसओ प्रमाणन से पूर्व विशेषज्ञ टीम द्वारा एसपी कार्यालय का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया था। इसमें मुख्य रूप से निम्नलिखित मानकों की जांच की गई, जिनमें व्यवस्थित अपराधों और अपराधियों से संबंधित फाइलों का डिजिटल व भौतिक रख-रखाव। कार्यालय में आगंतुकों के बैठने की व्यवस्थाए पेयजल और साफ सफाई। आमजन और विभागीय कर्मचारियों की शिकायतों का समय सीमा में निराकरण। किसी भी संकट की स्थिति में त्वरित रिस्पांस और प्रभावी नियंत्रण प्रणाली शामिल है।




**कार्यप्रणाली में आएगी और अधिक पारदर्शिता :** समारोह के दौरान आईजी अभय सिंह ने कहा कि आईएसओ सर्टिफिकेट मिलना इस बात का प्रमाण है कि सीहोर पुलिस अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं को मानकीकृत कर रही है। इससे सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने और नागरिकों को समयबद्ध मदद पहुंचाने में मदद मिलेगी। आईएसओ संस्था के अधिकारी योगेंद्र द्विवेदी ने बताया कि मानकों के आधार पर सीहोर एसपी कार्यालय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

**उपलब्धि पर हर्ष, पूरी टीम का रहा सहयोग :** एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड का सुव्यवस्थित संचालनए पार्किंग व्यवस्था और कार्यालय परिसर की स्वच्छता जैसे छोटे लेकिन महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत सहित जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारी आदि लोग विशेष रूप से मौजूद रहे।

## पाटनी गांव में आग ने छीन लिया सब कुछ, दो भाइयों का आशियाना राख, 25 लाख से ज्यादा का नुकसान

**सीहोर।** जिले के ग्राम पाटनी में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात करीब तीन बजे लगी भीषण आग ने दो परिवारों की पूरी दुनिया उजाड़ दी। जब पूरा गांव गहरी नींद में डूबा हुआ था, तभी मंजूर खां के पुत्र इकबाल और इरफान के लकड़ी से बने मकानों से उठती आग की लपटों ने सन्नाटे को चीख-पुकार में बदल दिया। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और वर्षों की मेहनत से खड़ा किया गया आशियाना देखते-देखते राख हो गया।

आग लगने के समय दोनों परिवारों के सदस्य घरों में सो रहे थे। ग्रामीणों ने जैसे ही धुआं और आग की लपटें देखीं, शोर मचाकर दोनों भाइयों को जगाया। अफरा-तफरी के बीच परिवार के लोग किसी तरह घरों से बाहर निकलकर अपनी जान बचा पाए। राहत की बात यह रही कि कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन घर के भीतर रखा जीवन भर का सामान आग में स्वाहा हो गया।इकबाल ने रोते हुए बताया कि आग में उनके दस कमरों का मकान पूरी तरह जल गया। घर में रखे करीब पांच लाख रुपये नकद, चार किलो चांदी, छह तोला सोना, फ्रिज, टीवी, कूलर, वाशिंग मशीन, फर्नीचर, कपड़े और बिस्तर सब कुछ खत्म हो गया। इसके साथ ही 40 कट्टी लहसुन, 25 क्विंटल गेहूं, चना, मसूर सहित वर्षों की मेहनत से उगाई गई फसल भी जलकर खाक हो गई। उनका अनुमानित नुकसान करीब 18 लाख रुपये है। दूसरी ओर इरफान के पांच कमरों का मकान भी पूरी तरह नष्ट हो गया। उन्होंने बताया कि आग में 15 हजार रुपये नकद, दो किलो चांदी, दो तोला सोना और घरेलू सामान जल गया। इरफान का नुकसान करीब 8 लाख रुपये आंका गया है। दोनों भाइयों को मिलाकर कुल नुकसान 25 लाख रुपये से अधिक बताया जा रहा है।ग्रामीणों के अनुसार यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो पूरा गांव इसकी चपेट में आ सकता था। घटना की सूचना मिलते ही किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा मौके पर पहुंचे। उनकी प्रेरणा से गांव के लोगों ने मानवीय संवेदना दिखाते हुए जनसहयोग किया। किसी ने 200, किसी ने 500 तो किसी ने 1000 रुपये देकर मदद की। 26 ग्रामीणों के सहयोग से 16,010 रुपये की राशि एकत्र कर पीड़ित भाइयों को सौंपी गई। पटवारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाया।



## मनरेगा बनाम 'जीरामजी' पर आज कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

**सीहोर।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने और इसके मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में आज रविवार को सुबह 11 बजे जिला मुख्यालय स्थित गांधी पार्क तहसील चौराहा पर विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि मनरेगा जैसी सबसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना से महात्मा गांधी का नाम और उनके मूल्यों को मिटाना एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है।

उन्होंने कहा भाजपा सरकार न केवल महापुरुषों के नाम मिटा रही है, बल्कि राज्यों पर वित्तीय बोझ डालकर अपनी जिम्मेदारी से भी भाग रही है। यह बदलाव सीधे तौर पर गरीब जनता के 'काम के कानूनी अधिकार' को खत्म करने की कोशिश है।

#### श्रमिकों के अधिकारों के लिए 'हल्ला बोल'

प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस श्रमिकों के अधिकारों को कमजोर करने वाली नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएगी। राजीव गुजराती ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को खत्म करने की केंद्र सरकार की साजिश के विरुद्ध अब सडक़ पर उतरकर संघर्ष किया जाएगा।

धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जिले के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से एकजुट होने की अपील की है। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ये शामिल होंगे। जिले के जिले के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ नेतागण। ब्लॉक, मंडल, सेक्टर कांग्रेस और बीएलए पदाधिकारी। युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस और सेवादल की टीमें। समस्त विभाग एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष और कार्यकर्ता से इस प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की गई है।

## सीहोर ही नहीं, आष्टा-भैरुंदा में भी जारी है जीएसटी टीम की कार्रवाई

**सीहोर।** जीएसटी विभाग भोपाल की अलग अलग टीमों ने जिले के तीन सीमेंट सरिया प्रतिष्ठान पर छापामार कार्यवाही की है। 17 दिसम्बर की दोपहर जीएसटी भोपाल की टीमों ने सीहोर आष्टा और भेरूंदा के सीमेंट सरिया व्यापारियों के जहां छापे मार कार्रवाई की। सीहोर में मेसर्स खेमचंद मदन लाल चूने वाले मामा जी, आष्टा में तिरुपति ट्रेडर्स और भैरुंदा में सांवरिया ट्रेडर्स के यहां टीमें जांच कर रही है। स्टेट जीएसटी टीमों ने सीहोर में डेरा डाल रखा है, तीन दिन बीत चुके हैं जीएसटी के अफसर जांच में जुटे हुए हैं।करीब 40 से अधिक अफसर अलग अलग इन व्यापारिक संस्थानों पर खरीदी बिक्री, स्टॉक ओर बिल बिल बाउचर के अवलोकन में जुटे हुए हैं। तीन दिन से इन सीमेंट सरिया प्रतिष्ठानों पर जांच चल रही है लेकिन विभाग के अफसरों द्वारा जांच अनियमितता या गड़बड़ी को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नही दी है। बताया जा रहा है इन प्रतिष्ठानों पर बीते पांच सालों के व्यापार की जांच टीमें कर रही हैं। टीम के सदस्यों द्वारा व्यापारियों के घरों पर भी दस्तावेजो की जांच की गई। सीहोर में जांच कर रहे डिप्टी कमिश्नर सुनील बांगर ने बताया अभी जांच चल रही है, कुछ भी नहीं कह सकते कितना समय लग सकता है। आष्टा में जांच कर रहे स्टेट जीएसटी ऑफिसर तरुण भार्गव के निर्देशन में यह जांच की जा रही है। जीएसटी ऑफिसर सीहोर आशीष दीवान ने बताया कि बीते पांच वर्षों का रिकॉर्ड जांचा जा रहा है। इसलिए समय लग रहा है। बिल बाउचर, स्टॉक का मिलान किया जा रहा है। पूरी जांच होने के बाद ही कुछ कह सकते हैं।

### समीक्षा बैठक में आईजी अभय सिंह ने कॉम्बिग गश्त की सराहना

# पुलिस की 'नाइट कॉम्बिंग' का खौफ, साल भर में 1195 वारंटी दबोचे, आईजी ने थपथपाई पीठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। नाइट कॉम्बिंग गस्त के जरिए पुलिस ने साल भर में रिकॉर्ड 401 स्थाई और 794 गिरफ्तारी वारंटियों को सलाखों के पीछे पहुंचाकर बड़ी सफलता हासिल की है। वार्षिक समीक्षा बैठक में आईजी अभय सिंह ने वारंटियों की इस सामूहिक धरपकड़ और अपराधियों में पुलिस के खौफ को जिला पुलिस की बड़ी उपलब्धि बताया। बैठक में कानून-व्यवस्था की स्थिति, कुबेरेश्वर धाम, आंवलीघाट और देवीधाम सलकनपुर जैसे महत्वपूर्ण स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, वीआईपी भ्रमण, बल की उपलब्धता और प्रशासनिक भवनों की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। आईजी ने संगठित अपराधों और मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए।

**जन-जागरूकता में भी आगे :** पुलिस ने केवल अपराध नियंत्रण ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता में भी मिसाल पेश की है। साल भर में 1562 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से 3.23 लाख से अधिक लोगों को सेफ क्लिक, मैं हूं अभिमन्यु और नशे से दूरी जैसे अभियानों से जोडक़र जागरूक किया गया।

**आईजी ने किया प्रेरित :** आईजी अभय सिंह ने कुबेरेश्वर धाम और सलकनपुर जैसे बड़े आयोजनों में बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के बल की प्रशंसा की। उन्होंने आने वाले वर्ष में भी इसी ऊर्जा और उत्कृष्टता के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत सहित जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी और कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### समीक्षा बैठक के दौरान सीहोर पुलिस की वर्ष भर की उपलब्धियों के प्रभावी आंकड़े सामने आए...

रिकॉर्ड बरामदगी: लूट, नकबजनी और चोरी जैसे गंभीर मामलों में पुलिस ने 83.23 प्रतिशत मशरूका बरामद किया। डम्पर चोरी और बड़ी नकबजनी जैसे मामलों को सफलतापूर्वक ट्रेस कर आरोपियों को जेल भेजा गया।

सजा दिलाने में अव्वल: चिन्हित अपराधों के 10 प्रकरणों में से 9 में सजा 90 प्रतिशत सफलता कराकर पुलिस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

संगठित अपराध पर प्रहार: तार चोरी, जुआ-सट्टा और एनडीपीएस के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। 19 प्रकरणों में बीएनएस की धारा 111 और 112 के तहत संगठित अपराध की कार्रवाई की गई।


ऑपरेशन मुस्कान: इस अभियान के तहत पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 245 लापता बालिकाओं को ढूंढकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया।

वारंटियों की धरपकड़: नाइट कॉम्बिंग गस्त के माध्यम से साल भर में 401 स्थाई वारंटी और 794 गिरफ्तारी वारंटियों को सलाखों के पीछे पहुँचाया गया।

## सिरफिरे आशिक को उम्रकैद, घर में घुसकर युवती की हत्या, मां पर भी बरसाई थीं गोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भैरुंदा नगर की नारायण सिटी में एकतरफा प्रेम ने वह रूप ले लिया, जिसने एक मासूम बेटी की जान ले ली और एक माँ की गोद हमेशा के लिए सूनी कर दी। करीब एक साल पहले घटित इस जघन्य हत्याकांड ने पूरे इलाके को दहला दिया था। अब प्रथम अपर सत्र न्यायालय ने आरोपी प्रभु सिंह दायमा को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया है। ग्राम भडकुल निवासी प्रभु सिंह दायमा पिछले दो वर्षों से 18 वर्षीय आरती का पीछा कर रहा था। "तूने मुझे धोखा दिया है, तुझे और तेरे पिता को मार दूंगा" ऐसी धमकियों से पूरा परिवार दहशत में था। वह लगातार फोन कर परेशान करता, धमकाता और बुरी नीयत से उसका शोषण करने की कोशिश करता था। छात्रा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपी की सनक कम नहीं हुई। 14 जुलाई 2024 की रात करीब 8 बजे, जब घर में सिर्फ मां और उसके तीन बच्चे थे और पिता बाजार गए हुए थे, तभी आरोपी खुले गेट से पिस्तौल लेकर घर में घुस आया। गालियां देते हुए उसने सीधे आरती को जान से मारने की धमकी दी। यह कहते हुए उसने चार राउंड फायर किए, जिनमें से दो गोलियां आरती को लगीं और एक गोली उसकी मां ललिता कीर के सिर में जा लगी। गोली लगते ही आरती जमीन पर गिर पड़ी। उसके शरीर से लगातार खून बह रहा था। मां खुद घायल हालत में बेटी को बचाने के लिए चीखती रही, लेकिन आरोपी छत से कूदकर फरार हो गया। बच्चों ने किसी तरह पिता को सूचना दी। मोहल्ले वालों की मदद से माँ-बेटी को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान आरती ने दम तोड़ दिया। विशेष लोक अभियोजक मनोज जाट ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने अदालत के समक्ष ठोस गवाह, वैज्ञानिक साक्ष्य और घटनाक्रम की स्पष्ट कड़ी प्रस्तुत की। कॉल रिकॉर्ड, मेडिकल रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शी गवाहों ने यह साबित कर दिया कि हत्या पूर्व नियोजित थी और आरोपी ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी प्रभु सिंह दायमा को हत्या और जानलेवा हमले का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 22 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। यह फैसला न सिर्फ पीड़ित परिवार के जख्मों पर मरहम है, बल्कि समाज के उन सिरफिरे आशिकों के लिए कड़ा संदेश है कि एकतरफा प्यार के नाम पर हिंसा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशितकिया जायेगा।

## खबर संक्षेप



### ग्राहक जागरूकता व साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**सीहोर।** सीएम राइस स्कूल बिलकिसगंज में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा ग्राहक जागरूकता और सायबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रांतीय कोषाध्यक्ष दीपक बाबू श्रीवास्तव द्वारा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना एवम ग्राहक प्रबोधन के बारे में बताया गया एवम अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शिवप्रसाद दलोद्रीया द्वारा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा किए जाने वाले कार्य, अशुद्ध खाद्य पदार्थ में मिलावट की जांच कैसे की जाए, धोखाधड़ी, सायबर अपराध के सम्बंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सीएम राइस स्कूल के प्राचार्य पवन शर्मा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला उपाध्यक्ष मनीष राठौर, विधि आयाम जिला प्रमुख अधिवक्ता मानसिंह सेन, सह सचिव जितेंद्र परमार महिला आयाम जिला प्रमुख उमा पालीवाल, नगर कार्यकारिणी से उर्मिला परमार, पर्यावरण आयाम मौजूद रहे।

### 250 की आबादी वाला मंडलगढ़ गांव नदी व नाले में बने झीरे से बुझा रहा है प्यास

# जलापूर्ति के नहीं पर्याप्त इंतजाम, मात्र एक हैंडपंप वह भी सूखा, पानी के लिए भटकते रहते परिवार

इछावर ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत नादान में आने वाले आदीवासी गांव मंडलगढ़ के जनजातीय परिवार पानी की आपूर्ति के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

आजादी के 75 साल बाद भी क्षेत्र के कुछ गांव ऐसे भी हैं , जहां आज भी पानी की आपूर्ति के लिए ग्रामीणों को संघर्ष करना पड़ रहा है। जल संकट की ऐसी स्थिति है कि ग्रामीणों को पहाड़ी अंचल में बसे घरों से डेढ़ - दो किमी दूर नदी व नालें पर बने झिरो से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। घड़े भर पानी के लिए जाने - आने में ही घंटाभर से अधिक समय लग जाता है। साथ ही झिरे के पानी में शुद्धता की कमी के कारण लोगों में बिमारियों के संक्रमण का खतरा बना रहता है। ऐसी स्थिति होने के बावजूद शासन , प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

इछावर ब्लॉक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत नादान में आने वाले आदीवासी गांव मंडलगढ़ के जनजातीय परिवार पानी की आपूर्ति के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। गांव के शांतीराम , अर्जुन सिंह , सुन्दर लाल ने बताया कि हमारे गांव की आबादी 250 के लगभग है। लेकिन पानी की आपूर्ति के लिए कोई भी पर्याप्त साधन नहीं है। गांव में महज दो हैंडपंप है । एक में पानी नहीं है , जबकि दूसरा हैंडपंप स्कूल परिसर में है उसमें भी पानी कम होने के कारण वह नवम्बर - दिसंबर माह में ही हांफ हांफकर घंटे भर में एक बाल्टी ही पानी देता है। महिलाएं व बच्चे



**इछावर।** स्कूल परिसर में स्थित हैंडपंप जोकि हांफकर पानी दे रहा है। साथ ही इससे मटमेला पानी आ रहा है जिसे पीने से छात्र छात्राएं बिमारी की चपेट में आ रहें हैं।

गांव से दो किमी दूर सीप नदी व नादान मार्ग पर स्थित नाले में बने झीरे से पानी भरकर लाते हैं। गर्मी में झीरे सूख जाने के बाद नदी में गड्ढे खोदकर पानी की तलाश की जाती है। पानी लाने के लिए पूरे परिवार को लगना पड़ता है।

गांव में हर साल भीषण गर्मी के मौसम में पानी के लिए हाहाकार मचता है। कई बार जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को आवेदन देकर जलसंकट के स्थाई समाधान की मांग की गई , लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वर्षभर ग्रामीणों को पानी के लिए मशक्कत करनी पड़ती है । आजादी के अमृत काल में भी ग्रामीणों को पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नसीब नहीं हो रही है।



#### नहीं मिला जल जीवन मिशन का लाभ

गांव के लखन , रेवसिंह, अर्जुन सिंह, छगन आदि ने बताया कि गांव में पानी की समस्या को लेकर करीब पांच साल पहले पीएचई विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत गांव में पानी की पांच हजार क्षमता की दो टंकी रखने के साथ एक बोर खनन व पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया था। लेकिन योजना में जिम्मेदारों की लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण चंद दिन ही पानी टंकी से नलों तक पहुंच पाया। बताया जा रहा है कि घरों तक पानी पहुंचाने के लिए बिछाई गई पाइप लाइन शुरुआती दिनों में ही टूट फूट गई थी, विद्युत पंप बोर में ही गिर गया। बोर खुला होने से वह वर्तमान में पूरी तरह से पुरा गया है। कुलमिलाकर लाखों रुपए की योजना पीएचई विभाग और ठेकेदार के बीच बंदरबांट के कारण आरंभ होने के साथ ही बंद हो गई। नतीजा ग्रामीणों को जलसंकट की गंभीर समस्या से जूझना पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बाद भी अधिकारियों ने अभी तक समस्या का निराकरण नहीं किया है।



**इछावर।** शोपीस बनी पानी की टंकी

#### व्यवस्था की जाएगी

मामला आपके द्वारा संज्ञान में लाया गया है, इसकी जांच कर ग्रामीणों को जलापूर्ति के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

**सिद्धार्थनाथ मालवीय,** उपयंत्री पीएचई विभाग

## हिंदू सम्मेलन की तैयारियां तेज, श्रीराम बस्ती में आयोजन समिति घोषित, 28 दिसंबर को भूमिपूजन



**भैरुंदा।** नगर की श्रीराम बस्ती में गुरुवार को श्रीराम मंदिर, छोटा बाजार में एक वृहद बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन के लिए संगठनात्मक ढांचा तय करना रहा। इस अवसर पर संघ के माननीय खंड संघचालक ब्रजमोहन गौड़ द्वारा हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति की औपचारिक घोषणा की गई।

बैठक में सर्व समाज की सहमति से दिनेश मिश्रा को आयोजन समिति का अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी उमा मांगीलाल खंडेलवाल एवं शक्ति सोनी को सौंपी गई। चयन के साथ ही सम्मेलन को भव्य और समावेशी स्वरूप देने पर विस्तार से चर्चा हुई।

आयोजन समिति ने सम्मेलन की रूपरेखा पर विचार करते हुए 28 दिसंबर को भूमि पूजन आयोजित करने का निर्णय लिया। समिति सदस्यों ने बताया कि सम्मेलन के माध्यम से सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और जनभागीदारी को सशक्त करने पर विशेष जोर रहेगा।

इसके लिए जनसंपर्क, व्यवस्थापन और कार्यक्रम संरचना को चरणबद्ध ढंग से आगे बढ़ाने की योजना बनाई गई है। बैठक में मातृशक्ति सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहयोग का संकल्प लिया। आयोजन समिति की घोषणा के साथ ही श्रीराम बस्ती में उत्साह का माहौल दिखाई दिया और सम्मेलन की तैयारियां तेज होती नजर

### राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सीहोर के बाक्सर दिखाएंगे जौहर

**सीहोर।** सीहोर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव एवं कोच आनन्द पंसोरिया ने बताया कि आगामी दिनांक 22 से 24 दिसम्बर 2025 को राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो कि सिवनी मे आयोजित होने जा रही है, जिसमे सीहोर जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के यूथ एवं सीनियर बालक/बालिका प्रतिभागी भाग लेगें। सभी युवा बॉक्सरों को समस्त सीहोर जिला खेल संघठनों ने बधाई व शुभकामनाऐं दी है।

## पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में 30 दिवसीय सॉफ्टस्किल व पर्सनेलिटी डेवलपमेंट प्रशिक्षण संपन्न



**सीहोर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में बेंगलुरु के एसवीसीजीसी उन्नति फाउंडेशन द्वारा कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत संचालित इंग्लिश स्पोकन, सॉफ्टस्किल एवं पर्सनेलिटी डेवलपमेंट विषय पर आयोजित 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए।

कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के कौशल आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला नोडल अधिकारी डॉ. गणेशलाल जैन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संप्रेषण कौशल एवं तकनीकी दक्षता आज के प्रतिस्पर्धी युग की अनिवार्य आवश्यकता है। डॉ. हुमा अख्तर ने बताया कि यह शिक्षक आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों के संप्रेषण कौशल, तकनीकी दक्षता तथा व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिससे वे आत्मविश्वास के साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। इस दौरान डॉ. सिद्धनाथ खजुरिया, विशाल परमार, डॉ. अजयपाल प्रजापति, डॉ. नीलम कुशवाहा, डॉ. दीपक बाखोरिया, सचिन जोशी एवं सचिन मीणा उपस्थित थे।

## सांदीपनि विद्यालय में आधुनिक कृषि शिक्षा किताबों से खेत तक सीखने की नई पहल



**भैरूंदा।** शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 72 वर्षों से निरंतर सक्रिय सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा समय की मांग के अनुरूप स्वयं को निरंतर नवाचार के साथ आगे बढ़ा रहा है। विद्यालय में लगभग 50 वर्षों से संचालित कृषि संकाय अब 21वीं सदी आधारित आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक, वैज्ञानिक एवं रोजगारोन्मुखी कृषि शिक्षा प्रदान कर रहा है।

विद्यालय के सीएम राइज विद्यालय के रूप में विकसित होने के बाद शैक्षणिक गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। इसका सकारात्मक परिणाम यह है कि प्रतिवर्ष यहां के छात्र पीएटी (PAT) परीक्षा उत्तीर्ण कर कृषि महाविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 2023 में विद्यालय के एक छात्र द्वारा प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करना इस प्रगति का प्रमाण है।

इसी नवाचारी दृष्टिकोण के अंतर्गत हाल ही में कृषि संकाय के विद्यार्थियों का शैक्षणिक फील्ड विजिट आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विद्यालय के पूर्व छात्र एवं प्रगतिशील किसान दिनेश वर्मा के चींच स्थित फार्म का भ्रमण किया। यहां जैविक खेती, उद्यानिकी फसलें, केंचुआ पालन एवं वर्मी कम्पोस्ट जैसी आधुनिक तकनीकों की जानकारी विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष रूप से दी गई। छात्रों ने खेती की लागत, उत्पादन और लाभ के व्यावहारिक पक्ष को भी समझा।

इसके साथ ही विद्यार्थियों को पशुपालन की आधुनिक व्यवस्थाओं से परिचित कराने के उद्देश्य से राजेश पंवार की चींच स्थित अत्याधुनिक दूध डेयरी का भ्रमण कराया गया। यहां उन्नत पशु नस्लों, डेयरी प्रबंधन, दुग्ध उत्पादन एवं विपणन की आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र लोया ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय का उद्देश्य केवल पुस्तकीय शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन और रोजगार से जोड़ना है। कृषि क्षेत्र की रीढ़ है, इसलिए वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि की प्रायोगिक जानकारी देना आज की आवश्यकता है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मनिर्भरता विकसित करते हैं। वहीं 1998 से कृषि संकाय में अध्यापन कर रहे शिक्षक जगदीश कहार ने बताया कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है, जहां 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भर है। ऐसे में समय के अनुरूप कृषि शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है। कृषि शिक्षक योगेश पंवार ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है, जिसके तहत कृषि को रोजगारोन्मुखी शिक्षा से जोड़ते हुए पीएटी परीक्षा की सशक्त तैयारी भी कराई जा रही है। भ्रमण में शामिल छात्र नमन पंवार ने बताया कि इस फील्ड विजिट से यह समझ आया कि आधुनिक तकनीकों से खेती को लाभकारी कैसे बनाया जा सकता है। वहीं छात्रा आयुषी वैष्णव ने कहा कि खेत और डेयरी में प्रत्यक्ष अनुभव से विषय अधिक स्पष्ट हुआ और कृषि को करियर विकल्प के रूप में अपनाने की प्रेरणा मिली। यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़ाकर व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ है, जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## विद्यार्थियों व कर्मचारियों को मिला मानसिक शांति और एकाग्रता का संदेश

**भैरुंदा।** हर वर्ष 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बोरखेड़ा कला स्कूल में ध्यान के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों, पंचायत एवं आंगनवाड़ी कर्मचारियों के बीच विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी पूजा प्रजापति ने ध्यान योग के सरल और प्रभावी अभ्यासों के माध्यम से मानसिक शांति, एकाग्रता और सकारात्मकता का संदेश दिया। पूजा प्रजापति ने स्कूल के विद्यार्थियों को साँस लेने के व्यायाम , स्टोरी मेडिटेशन, बॉडी स्कैन और "सपनों की उड़ान" जैसे



रोचक व आसान ध्यान अभ्यास कराए। उन्होंने बताया कि नियमित ध्यान से बच्चों का फोकस बढ़ता है और एकाग्रता की अवधि लंबी होती है, जिससे पढ़ाई में बेहतर परिणाम मिलते हैं। ध्यान अभ्यास से भावनात्मक संतुलन बना रहता है और मन अधिक स्थिर व शांत रहता है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बोरखेड़ा कला एवं आंगनवाड़ी कर्मचारियों को बॉडी विज़ुअलाइज़ेशन, हार्टफुलनेस और ध्यान की तकनीकें सिखाई गईं। उपस्थित सभी छात्राओं एवं कर्मचारियों को कहा कि वे ध्यान के दौरान स्वयं में शांति और खुशी का अनुभव करें, फिर इस सकारात्मक भावना को अपने बॉस, सहकर्मियों और सभी जीवों तक फैलाएं। इससे करुणा, सहयोग और सकारात्मक सोच का विकास होता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से भी ध्यान अत्यंत लाभकारी बताया गया। विशेषज्ञों के अनुसार नियमित ध्यान से ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है और हृदय स्वास्थ्य को सहयोग मिलता है। शांत और संतुलित मन का सीधा लाभ संपूर्ण स्वास्थ्य पर पड़ता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से ध्यान करने का संकल्प लिया। आयोजकों ने कहा कि यदि ध्यान को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाया जाए, तो समाज में मानसिक शांति, बेहतर स्वास्थ्य और सकारात्मक वातावरण को बढ़ावा मिल सकता है।

### दैनिक जीवन में ध्यान अपनाने का लिया संकल्प

# पुलिस लाइन में गूंजा शांति का मंत्र, पुलिसकर्मियों ने सीखा तनाव प्रबंधन और ध्यान का हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, उनकी एकाग्रता बढ़ाने और कार्यकुशलता में वृद्धि करने के उद्देश्य से स्थानीय पुलिस लाइन ग्राउंड में तीन दिवसीय तनावमुक्त ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार आयोजित यह शिविर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान हार्टफुलनेस संस्थान के अनुभवी प्रशिक्षक हर्षित पुरोहित और नीलम पुरोहित ने उपस्थित जनों को हार्टफुलनेस ध्यान की विभिन्न सूक्ष्म विधियों का अभ्यास कराया। प्रशिक्षण में विशेष रूप से इस बात पर बल दिया गया कि कैसे निरंतर ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, आत्म-नियंत्रण और जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित किया जा सकता है।




प्रशिक्षकों ने बताया कि व्यस्त और चुनौतीपूर्ण पुलिस सेवा के बीच मानसिक संतुलन बनाए रखना बेहद आवश्यक है।

**अधिकारियों सहित 150 लोगों ने लिया हिस्सा :** इस आध्यात्मिक और मानसिक स्वास्थ्य शिविर में पुलिस विभाग के आला अधिकारियों सहित जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत, नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा, रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव और थाना प्रभारी मण्डी सुनील मेहर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। पुलिस लाइन, थाना मण्डी और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कर्मचारियों के साथ-साथ मनुवेन स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित कुल 150 प्रतिभागियों ने ध्यान का लाभ लिया।

#### दैनिक जीवन में ध्यान अपनाने का लिया संकल्प

शिविर के अंतिम चरण में सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे नियमित रूप से ध्यान अभ्यास को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

अधिकारियों का मानना है कि इस तरह के आयोजनों से न केवल पुलिस बल का मानसिक तनाव कम होगा, बल्कि वे अधिक संवेदनशीलता और ऊर्जा के साथ जनता की सेवा कर सकेंगे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के अनुभूति कार्यक्रम में विद्यार्थी हुए प्रकृति से रूबरू



**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर, में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने संस्था प्राचार्य सुनीता जैन के मार्गदर्शन में व एन एस एस ऑफिसर देवेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में अनुभूति कार्यक्रम में सहभागिता की गई ।

कार्यक्रम के आरंभ में रेंजर साहब चंदर सिंह भिलाला एवं मास्टर ट्रेनर हरीश आर्य ने वनों का मानव जीवन में महत्व व वन प्राणियों के संरक्षण एवं उपादेयता पर विस्तार से चर्चा कर स्वयंसेवकों एवं उपस्थित जनसमूह का मार्गदर्शन किया । मास्टर ट्रेनर हरीश चंद्र आर्य व वन विभाग की टीम ने वनस्पतियों, वृक्षों, पशु पक्षियों की अनेक प्रजातियों को वनों में दिखाकर उनके औषधि एवं अन्य गुणों से सभी को अवगत कराया।

जंगल में अनुभूति कार्यक्रम का उद्देश्य और थीम ₹मैं भी बाघ, हम में बदलाव₹ के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने 02 किलोमीटर पैदल भ्रमण कर जंगली जानवर, हिरणों का झुण्ड, नील गाय, चीतल, साभर, व वनस्पति, औषधीय पोंधे, में जंगली जानवरों के निशान, विष्ट को नेचर ट्रेल के माध्यम से बहुमूल्य जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट के एन एस एस स्वयंसेवकों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता हेतु आकर्षक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई जो प्रथम रहा। एक दिवसीय अनुभूति शिविर की समाप्ति पर ,आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को, मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम थुना द्वारा सफल विद्यार्थियों को पुरस्कार ट्रॉफी वितरण व समस्त सहभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में विशेष अतिथि सुनीता जैन जिला समन्वयक प्राचार्य उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र कुमार साहू, माला चंदेल, अमानत मीणा, आभार डॉक्टर राजेंद्र देशमुख द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बृजेश राठौर डिप्टी रेंजर द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव व्यक्त किया गया । कार्यक्रम के प्रभारी श्री कसौटिया, गोहर जहां कुरैशी, भाटी, उपवन क्षेत्रपाल, ब्रजेश राठौर, विजय कसौटिया, कुमेर सिंह चौहान, संजय शर्मा , वीरेंद्र सिंह भाटी सहित वन विभाग के अनेक कर्मचारी अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### ई-केवायसी नहीं करवाई तो आपके घर रुक सकती है गैस सिलेंडर सप्लाई

# 11 हजार गैस उपभोक्ताओं की ई-केवायसी पेंडिंग, अंतिम तिथि 31

**खास-खास**

| | |
|---|---|
| राजगढ़ क्षेत्र में कुल उपभोक्ता : | 23835 |
| ई-केवायसी पूर्ण : | 12808 |
| पेंडिंग कनेक्शन : | 11027 |

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़





पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा सभी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को काफी पहले से निर्देश दिए हुए हैं कि वे संबद्ध गैस एजेंसियों से जुड़े उपभोक्ताओं की ई-केवायसी अनिवार्यतः करवा लें। मंत्रालय द्वारा ई-केवायसी की अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर निर्धारित की हुई है। अकेले राजगढ़ नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो सिर्फ 50 प्रतिशत गैस उपभोक्ताओं ने अभी तक अपनी ई-केवायसी पूर्ण करवाई है। शेष उपभोक्ताओं की ई-केवायसी अभी तक नहीं हो पाई है। एचपी सहित अन्य एजेंसियों द्वारा ग्राहकों से लगातार अनुरोध व अपील की जा रही है कि वे नजदीकी डीलर के दफ्तर पहुंचकर या निर्धारित एप्लीकेशन पर अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी करवा लें। बावजूद इसके गैस उपभोक्ता इसमें रुचि नहीं दिखा रहे हैं। अब चूंकि, ई-केवायसी कार्य करवाने की अंतिम तिथि में महज 12 दिन शेष रह गए हैं अगर आपने यह काम नहीं निपटाया तो अपने घरों में एलपीजी गैस की सप्लाई रुक सकती है। हालांकि, उम्मीद जताई जा रही है कि अंतिम तिथि में बढ़ोतरी संभव है।

#### इसलिए अनिवार्य की गई है ई-केवायसी

पेट्रोलियम मंत्रालय ने फर्जी कनेक्शनों पर रोक लगाने सहित अन्य उद्धेश्यों को लेकर प्रत्येक एलपीजी कनेक्शन उपभोक्ता के लिए ई-केवायसी करवाना अनिवार्य किया है। उक्त कार्य करीब 1 साल से चल रहा है बावजूद इसके गैस उपभोक्ताओं इस काम में लेट-लतीफी कर रहे हैं। अब चूंकि, अंतिम तिथि 31 दिसंबर में महज 12 दिन शेष रह गए हैं ऐसे में एलपीजी गैस वितरकों द्वारा अपने उपभोक्ताओं से अपील की जा रही है कि वे यह ई-केवायसी को आवश्यक रूप से पूर्ण करवा लें।

#### एप के माध्यम से भी किया जा सकती है ई-केवायसी

अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी दो तरह से की जा सकती है। एक तो आप स्वयं अपने वितरक के दफ्तर पहुंचकर अपने आधार और मोबाइल नंबर को गैस कनेक्शन नंबर से लिंक करवा सकते हैं। दूसरे यह प्रक्रिया ऑनलाईन भी पूरी की जा सकती है। इसके लिए उपभोक्ताओं को गूगल प्ले स्टोर से 'एचपीपे'ऐप डाउनलोड करना होगा। ऐप डाउनलोड करने के उपरान्त स्क्रीन पर ई-केवायसी की लिंक नजर आएगी। इस लिंक पर आवश्यक जानकारियां भरकर ई-केवायसी कार्य पूर्ण किया जा सकता है।


**उपभोक्ताओं से अपील**

हम सभी गैस उपभोक्ताओं अपील करते हैं कि वे एजेंसी आकर या ऑनलाईन एप के जरिए अपने गैस कनेक्शन की ई-केवायसी करवा लें। इस कार्य की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित है।

अजय सिंह, संचालक, वीनस गैस एजेंसी, राजगढ़

### दैनिक वेतन भोगी से क्यों नहीं वसूल रहे निकाली राशि

# वेयरहाउस में अनियमितता पर लगाम



मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन
क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल

क्रमांक2803/मप्रवेलॉका/स्थापना/2025-26 भोपाल, दिनांक :16/12/2025
प्रति,
श्रीमती दीप्ती सिंह क0स0(शा0प्र0)
मध्यप्रदेश वेअरहाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन,
शाखा ब्यावरा।

विषय :- श्री शिवमान सिंह दैनिक कुशल श्रमिक शाखा ब्यावरा को राजगढ़ भेजने बावत्।
--00--

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपकी शाखा पर पदस्थ श्री शिवमान सिंह दैनिक कुशल श्रमिक को शाखा राजगढ़ पर कार्यालयीन कार्य की अधिकता को दृष्टिगत रखते हुए शाखा राजगढ़ भेजने हेतु शाखा स्तर से निर्देशित कर इस कार्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

क्षेत्रीय प्रबंधक
भोपाल

क्रमांक2803/मप्रवेलॉका/स्थापना/2025-26 भोपाल, दिनांक :16/12/2025
प्रतिलिपि :-
1. अतिरिक्त प्रबंध संचालक, म0प्र0 वेअरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन,प्रधान कार्यालय भोपाल।
2. शाखा प्रबंधक, म0प्र0 वेअरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन, शाखा राजगढ़। आप श्री शिवमान सिंह दैनिक कुशल श्रमिक को शाखा राजगढ़ पर कार्यालयीन कार्य हेतु उक्त पत्र प्राप्ती की दिनांक से रखने की कार्यवाही कर इस कार्यालय को सूचित करें।
3. संबंधित की फाईल में नस्ती हेतु।

क्षेत्रीय प्रबंधक
भोपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

आउटसोर्स से ब्यावरा वेयरहाउस में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्ति के बाद दैनिक श्रमिक के तौर पर अपनी पहचान बनाने बाले शिवमान सिंह ने ब्यावरा शासकीय वेयरहाउस में लाखों रूपए का घोटाला कर दिया और अधिकारियों को पता ही नहीं चला। अपने लोगों को बिना काम किए आउटसोर्स कंपनी जोडकर उन्हें बिना काम किए कई सालों तक अवैध रूप से वित्तीय लाभ पहुंचाया है। इस बात की पुष्टि कलेक्टर डॉ मिश्रा द्वारा दिए गए आदेश के बाद की गई जांच टीम ने कर दिया। इसी जांच पर संज्ञान लेते हुए वेयरहाउस कार्पोरेशन ने भी शिवमान को दोषी मानते हुए उसे ब्यावरा वेयरहाउस से हटा दिया है।

#### क्या सरकारी पैसे की लूट करने वाले पर होगी रिकवरी की कार्रवाई

यक्ष प्रश्न यह है कि जहां विभाग ने शिवमान सिंह पर आरोप साबित होने के बाद उसे ब्यावरा वेयरहाउस से हटा दिया। परंतु क्या सालों आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन फर्जी तरीके से निकालने वाले शिवमान से विभाग अवैध तरीके से निकाले गए पैसों की रिकवरी करेगा।

#### दैनिक वेतनभोगी का अटेचमेंट क्यों ?

लाखों रूपए की अनियमितता करने वाले इस कंप्यूटर ऑपरेटर का अटेंचमेंट क्यों किया गया इसको हटाने की कार्रवाई क्यों नहीं की गई। इसकी सेवाएं समाप्त क्यों नहीं की गई क्या विभाग इस तरह के घोटालों की पुनरावृत्ति देखना चाहता है।

**इनका कहना है...**

विभाग ने अनियमितता करने वाले कर्मचारी पर विभागीय कर्रवाई कर दी है उन्हें यहां से हटा दिया गया है।

दीप्ति सिंह, प्रबंधक ब्यावरा वेयरहाउस

## मिट्टी के स्वास्थ्य और मृदा परीक्षण की दी जानकारी



**लखनवास।** लखनवास संकुल के पीएम शा. मा. विद्यालय में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकासखंड ब्यावरा के द्वारा स्वाईल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना अन्तर्गत पीएम श्री स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वस्थ धरा खेत हरा की थीम पर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययन 50 छात्र छात्राओं का वैच बनाया गया जिसमें छात्र छात्राओं को मिट्टी के स्वास्थ्य एवं मृदा परीक्षण की जानकारी विभाग द्वारा विद्यार्थियों की दी गई तथा विद्यार्थियों की प्रायोगिक कक्षा में मृदा नमूना एकत्रीकरण तथा फसलों के लिए भम्पूर्ण जानकारी से विद्याधियो आवश्यक पोषक तत्वों की सम्पूर्ण को रूबरू करवाया। आईडी बनाकर ऑनलाइन मृदा नमूना एकत्रीकरा की बारीकियाँ विद्यार्थियों के साथ साझा की गई विद्यालय के प्राचार्य केवलसिंह भीलाला के द्वारा प्रशिक्षण में उपस्थित विद्यार्थियों को खेतों की मिट्‌टी की जांच के लिए सदा नमूना एकत्रिकरण कर विद्यालय में जमा करवाने के लिए सभी छात्रों को प्रोत्साहित किया।

# वन अमले ने हरियाली के दुश्मनों पर कार्रवाई कर 2 ट्रॉली लकड़ी की जब्त

### खिलचीपुर वन अमले ने मुखबिर की सूचना पर की घेराबंदी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में वन माफियाओं के हौंसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। विगत दिनों मुख्यालय पर ही चोरों ने चंदन के पेड़ चुराने की घटना को अंजाम दिया था। इसके साथ ही जिले के अन्य क्षेत्रों से भी पेड़ों की अवैध कटाई के मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि, वन विभाग भी पूरी तरह सक्रिय है और सूचना मिलने पर तुरंत वन माफियाओं पर कार्यवाहियां की जा रही हैं।

इसी कड़ी में खिलचीपुर वन अमले की टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के उपरान्त दो टैक्टर-ट्रॉलियों से भारी मात्रा में बबूल की लकड़ियां बरामद की है। मामले में दोनों वाहन के चालकों पर वन उपज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। जानकारी के अनुसार खिलचीपुर वन विभाग को सूचना मिली थी कि सोनखेड़ा के आसपास से बबूल की लकड़ियां काटकर उन्हें भ्याना तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने संबंधित स्थान पर घेराबंदी की तो सामने से दो टैक्टर-ट्रॉली आते नजर आए। वाहनों के चालकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन टीम ने उन्हें पकड़ लिया। बॉक्सः दो लोगों पर बॉक्सः साढ़े 4 घन मीटर लकड़ियां की गई जब्त दोनों ट्रॉलियों से करीब साढ़े 4 घनमीटर बबूल की लकड़ियां जब्त की गई हैं। अवैध परिवहन कर रहे टैक्टर के चालकों सईद एवं सरफराज पर वन उपज अधिनियम की सुसंगत धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। वन अमले की टीम में ओमप्रकाश दांगी, सुरेश दांगी, राघवेंद्र यादव सहित अन्य शामिल थे।

#### नगर में शिव महापुराण से भक्तिमय हुआ नगर

**जीरापुर।** नगर के किशनगढ़ मोहल्ले में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान कथा वाचक पंडित ललित जी नागर (सेंधवा वाले) ने अन्नदान को सर्वश्रेष्ठ दान बताते हुए कहा कि यदि रात्रि में अचानक भूख या प्यास लगे तो यह संकेत हो सकता है कि हमारे पूर्वज तृप्त नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में किया गया दान ही स्वर्गलोक में प्राप्त होता है। पंडित ने महाभारत के कर्ण का उदाहरण देते हुए बताया कि कर्ण ने जीवनभर स्वर्ण व अन्य वस्तुओं का दान किया, लेकिन अन्नदान न करने के कारण स्वर्ग में उन्हें अन्न नहीं मिला और कष्ट भोगना पड़ा। 16 दिनों के लिए मृत्यु लोक में आकर माता कुंती से अन्न-जल ग्रहण करना पड़ा, जिससे सोलह श्राद्ध की परंपरा प्रारंभ हुई। महाकाल ज्योतिर्लिंग को बारह ज्योतिर्लिंगों का केंद्र व जीरापुर नगर आसपास के क्षेत्र के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है।

### पशु धन व दूध हो रहा है अमानक

# सारंगपुर में पशुआहार के नाम शराब फैक्ट्री के कचरे सहित कपास्या खली में मिलावटी ब्रांड का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



क्षेत्र में पशुपालकों को ठगने का धंधा चल रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार नगर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में कुछ नदेबतनचनसवने दुकानदार पशुआहार (एनिमल फीड) के नाम पर यूरिया मिश्रित चारा खुलेआम बेच रहे हैं। यही नहीं, कपास्या खली की थैलियों में भी बड़े पैमाने पर ब्रांड बदलने का खेल चल रहा है, जिससे पशुपालकों को गुणवत्ताहीन और खतरनाक सामग्री दी जा रही है।

जानकारों का कहना है कि मिलावटी पशुआहार में डाली जा रही यूरिया पशुओं के स्वास्थ्य के लिए घातक है। इससे दूध देने वाले पशुओं में बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ जाता है, वहीं दूध की गुणवत्ता और मानव स्वास्थ्य पर भी इसका सीधा असर पड़ता है। सारंगपुर क्षेत्र में कई दुकानदार कम दाम का लालच देकर नकली खली व पशुआहार की बिक्री कर रहे हैं। मूल कंपनी की थैलियों को इकट्ठा कर उनमें घटिया या सड़ी-गली खली भरकर ऊँचे दामों पर बेचा जा रहा है। इस धोखाधड़ी में सप्लायर्स, गोदाम संचालक और खुदरा विक्रेताओं की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय नागरिकों ने समाचार पत्र के माध्यम से कहा कि प्रशासन जल्द छापेमारी कर दोषियों को पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाए, ताकि पशुपालकों को राहत मिल सके और मिलावटी चारा माफिया पर अंकुश लगाया जा सके। इस संबंध में फूड अधिकारी से बात की तो बोले अमानक पशु आहार मिल रहा है तो यह काम पशुचिकित्सा अधिकारी का है पशु आहार की क्वालिटी चेक करने का फिर हमारे संवाददाता ने पशुचिकित्सा अधिकारी से पूछा तो बताया कि चेक करने का काम फूड अधिकारी को ही हैं, आखिर अमानक पशु खाद्य सामग्री की ओर कौन ध्यान देगा।

# निरीक्षण में अपडेट नहीं मिले स्वास्थ्य केंद्रों के रिकार्ड

### खजुरिया व बाईहेड़ा स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण पर पहुंचे थे जिलाधीश डॉ गिरीश



**राजगढ़।** जिले की ढुलमुल स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार लाने जिला प्रशासन द्वारा तमाम तरह के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा शुक्रवार को बाईहेड़ा एवं खजुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए। खजुरिया में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने प्रसव रजिस्टर की जांच की तो उसमें प्रसव तिथि अंकित नहीं पाई गई।

इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित कर्मचारियों को तत्काल रिकॉर्ड अद्यतन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों का अनमोल एप एवं यू-वीन पोर्टल के ऑनलाइन डाटा से मिलान किया। साथ ही उन्होंने उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं मैपिंग की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि किस माह में कौन-सा टीकाकरण किया जाता है एवं हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के लिए आवश्यक हीमोग्लोबिन स्तर क्या होना चाहिए। कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित आशा कार्यकर्ता से नवजात शिशु को जन्म के समय लगाए जाने वाले टीकों के बारे में भी जानकारी ली।

#### दवाओं की अनाशयक मांग पर उठाए सवाल

खजुरिया केंद्र के निरीक्षण में कलेक्टर ने सीएचओ डॉ. अभिषेक जैन से जानकारी लेते हुए ओपीडी रजिस्टर, ऑनलाइन दवा मांग, दवाओं के बफर स्टॉक एवं स्टॉक रजिस्टर के संधारण की जांच की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टियां नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा दवाओं की अत्यधिक मांग किए जाने के कारणों पर सवाल उठाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि दवा मांग यथार्थ आवश्यकता के अनुसार की जाए तथा सभी अभिलेखों का नियमित और सही संधारण सुनिश्चित किया जाए।

#### पीएम श्री स्कूल में प्रशिक्षण स्वस्थ धरा खेत हरा कार्यक्रम आयोजित

**लखनवास।** लखनवास संकुल के पीएम शासकीय मा. विद्यालय में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग विकासखंड ब्यावरा के द्वारा स्वाईल हेल्थ एण्ड फर्टिलिटी योजना अन्तर्गत पीएम श्री स्कूल प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वस्थ धरा खेत हरा की थीम पर आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययन 50 छात्र छात्राओं का वैच बनाया गया जिसमें छात्र छात्राओं को मिट्टी के स्वास्थ्य एवं मृदा परीक्षण की जानकारी विभाग द्वारा विद्यार्थियों की दी गई तथा प्रायोगिक कक्षा में मृदा नमूना एकत्रीकरण तथा फसलों के लिए भम्पूर्ण जानकारी से विद्याधियो आवश्यक पोषक तत्वों की सम्पूर्ण को रूबरू करवाया गया।

## निजी वाहनों पर लगे हूटरों को हटवाने सामने आई कांग्रेस

### इंका जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सुप्रीम कोर्ट की गाईडलाईन के अनुसार निजी वाहनों पर हूटरों का प्रयोग पूरी तरह से गैरकानूनी है। परिवहन विभाग ने भी इस बारे में आदेश जारी किए हुए हैं। इसके बावजूद जिले में कई रसूखदार लोगों, विभिन्न दलों के नेताओं सहित अन्य व्यक्तियों ने अनाधिकृत रूप से अपने निजी वाहनों पर हूटर लगवाए हुए हैं। उक्त मामले को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची के नेतृत्व में कईं इंकाजन शुक्रवार दोपहर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने जिले में निजी वाहनों पर लगे अनाधिकृत हूटरों को अभियान चलाकर हटवाने की मांग एसपी अमित तोलानी से रखी। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख है कि शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के तहत अग्निशमन यंत्रों, एम्बुलेंस, सुरक्षा प्राप्त वीआईपी, वायलेट वाहन, दंडाधिकारियों सहित अन्य के वाहनों पर ही हूटर लगे हो सकते हैं। परन्तु, जिले में कईं सत्ताधारी नेता अपने निजी वाहनों पर हूटर लगाकर जनता के सामने रौब झाड़ने में लगे हुए हैं जो नियमों की सीधे-सीधे अनदेखी है। ऐसे में कांग्रेस ने सभी तरह के निजी वाहनों पर लगे हुए हूटरों की हटवाने की मांग पुलिस प्रशासन से रखी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक हेमराज कल्पोनी सहित अन्य इंका पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए बनाई मानव श्रृंखला

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन व नागरिक शिष्टाचार का आयोजन



**ब्यावरा।** जिला मुख्यालय पर संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में आज पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक शिष्टाचार की जागरूकता हेतु प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन एवं नागरिक शिष्टाचार समिति राजगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में छात्र-छात्राओं की मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया जिसमें 2000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। छात्र अपने विद्यालय से बाहर निकाल कर पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक शिष्टाचार के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए हाथों में तख्ती लिए हुए रोड किनारे खड़े हुए थे।

इसमें नगर के सभी विद्यालय के के मेमोरियल स्कूल, कैरियर कान्वेंट स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, संस्कार चिल्ड्रन स्कूल,सीएस अकैडमी,शेफील्ड पब्लिक स्कूल, वीर भगत सिंह स्कूल, दीपक पब्लिक स्कूल, भारतीय विद्या मंदिर, राजेश्वर कन्वेंट स्कूल, प्रखर ज्योति मिडिल स्कूल के साथ शासकीय विद्यालय के छात्र छात्र भी शामिल हुए। बिरसा मुंडा चैराहे पर छात्र-छात्राओं को इस संबंध में उद्बोधन भी दिया गया जिस समाज के अन्य लोगों द्वारा भी सुना गया।

इस अवसर पर तेजेंद्र उपाध्याय, मार्तंड सिंह सोलंकी, राकेश पांडे, महेंद्र सोलंकी,लोकेश शर्मा, महेश दांगी,नरेश लववंशी, महेश पुष्पद, दीपक सोलंकी, अमित शाह, सागर पवार, गजेंद्र निमोदिया शरद शर्मा के साथ विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री मयंक जायसवाल सत्संग प्रमुख उमेश शर्मा उपस्थित थे।

### नाराज किसानों की शिकायत के बाद कृषि विभाग ने की कार्रवाई

# खुजनेर में निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर खाद बेचा, दुकान को महकमे ने किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



नगर खुजनेर में संचालित पवन कृषि सेवा केंद्र खाद विक्रेता द्वारा यूरिया खाद निर्धारित मूल्य से अधिक दाम में बेचा जा रहा था जिसकी शिकायत किसानों द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों से की पवन कृषि सेवा केंद्र खुजनेर में यूरिया खाद उपलब्ध होने के बावजूद किसानों को खाद नहीं मिलने से आक्रोश फैल गया व यूरिया खाद की किल्लत एक नई परेशानी बन गई है।

शुक्रवार को खुजनेर के पवन कृषि सेवा केंद्र सहित एक निजी कृषि लाइसेंसधारी दुकान पर किसानों ने हंगामा किया किसानों का आरोप है कि दुकान पर यूरिया खाद होने के बाद भी उन्हें निर्धारित मूल्य पर खाद नहीं दी जा रही थी शिकायत मिलने पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार किया निरीक्षण के दौरान लाइसेंस क्रमांक 181/2 वैधता 20 जनवरी 21 की दुकान पर अनियमितताएं पाई गईं। किसानों से मिली जानकारी के अनुसार विक्रेता द्वारा यूरिया का एक बोरा निर्धारित दर से अधिक मूल्य 500 रुपये में बेचा जा रहा था साथ ही यूरिया के साथ माइकोराइजा खाद को जबरन टैगिंग कर दी जा रही थी। बताया गया कि माइकोराइजा के 19 किलोग्राम के पैकेट 150 रुपये में यूरिया के साथ अनिवार्य रूप से दिए जा रहे थे खुजनेर निवासी कृषक धर्मेन्द्र सादन ने बताया कि उन्हें यूरिया का एक बैग 1000 रुपये में दिया गया, लेकिन विक्रेता द्वारा कोई रसीद नहीं दी गई और न ही पीओएस मशीन में भुगतान दर्ज किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि कृषक को न्त्स् कंपनी का यूरिया दिया गया, जिसकी मैन्युफैक्चरिंग नवंबर 2025 दर्शाई गई है, जो नई दिल्ली की बताई जा रही है अधिकारियों द्वारा मौके पर पंचनामा पढ़कर सुनाया गया, लेकिन संबंधित विक्रेता ने पंचनामे व अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया कृषि विभाग के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पवन कृषि सेवा केंद्र को शील किया व आगे की कार्रवाई का आश्वासन दिया है किसानों ने दोषी विक्रेता पर सख्त कार्रवाई और उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

खबर संक्षेप

## सीहोर की बेटी पलक बनी विभाग छात्रा प्रमुख



सीहोर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 69 वे राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रही पलक यादव अब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 58 वें प्रांत अधिवेशन 14,15,16 दिसंबर को डबरा में संपन्न हुआ जिसमें सीहोर की बेटी पलक (लता) यादव के राजगढ़ विभाग छात्रा प्रमुख का नवीन दायित्व मिला। प्रांतीय अधिवेशन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफैसर रघुराज तिवारी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, प्रांत अध्यक्ष धर्मेंद्र राजपूत, प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी का मार्गदर्शन मिला।

## मदनी बने गुना जिला युवा कांग्रेस प्रभारी

भौंरासा। मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस संगठन द्वारा प्रदेश महासचिव इरफान मदनी को गुना जिला युवा कांग्रेस प्रभारी नियुक्त किया गया है। संगठन ने यह जिम्मेदारी उन्हें उनके सक्रिय संगठनात्मक अनुभव, युवाओं के बीच मजबूत पकड़ एवं निरंतर जनसेवा को देखते हुए सौंपी है। नियुक्ति पर इरफान मदनी ने युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब, राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा, गुना जिला कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक जयवर्धन सिंह, मप्र युवा कांग्रेस प्रभारी शिवी सिंह चौहान व अध्यक्ष यश घनघोरिया एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वे गुना जिले में युवाओं को संगठन से जोड़ने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने एवं संगठन को जमीनी


### कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियों पर विरोध

# प्रदेश प्रभारी तक शिकायतः पूर्व मंत्री का पुतला जलाने वालों को बनाया अध्यक्ष

तीन सालों से कर रहे थे पूर्व अध्यक्ष का विरोध, कार्यक्रमों से भी बनाई थी दूरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने हाल ही में प्रदेशभर में ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी की है। इस सूची में सीहोर जिले की आष्टा के विभिन्न ब्लॉकों के लिए नए और कुछ पुराने अध्यक्षों के नाम शामिल हैं। इन नियुक्तियों के बाद आष्टा में संगठन को मजबूती देने की उम्मीद थी, लेकिन आष्टा विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति पर असंतोष सामने आया है और सोशल मीडिया पर दिख रहे यह विरोध के स्वर अब कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी को जगजाहिर कर रहे हैं। आपको बता दें कि जारी सूची के अनुसार आष्टा शहर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में धर्मेंद्र सिंह ठाकुर को मौका मिला है। वही जावर से पुनः अरविंद सिंह ठाकुर, आष्टा ग्रामीण से पुनः महेश मुंदीखेड़ी, सिद्धीगंज ब्लॉक से राजाराम मालवीय को कांग्रेस ने जिम्मेदारी सौंपी है। ये नियुक्तियां अगस्त में राजीव गुजराती को जिला अध्यक्ष बनाए जाने के बाद संगठनात्मक पुनर्गठन का हिस्सा हैं। प्रदेश कांग्रेस और एआईसीसी की मंजूरी के बाद यह सूची अंतिम रूप से जारी की गई है। और अगले चरण में मोहल्ला और बूथ कमेटियों का गठन किया जाएगा। लेकिन अब ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर की नियुक्ति पर सोशल मीडिया पर विरोध नजर आ रहा है और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के पुतले जलाने के फोटो भी वायरल हो रहे हैं। गौरतलब है कि बीते वर्ष 2023 में संगठन में हुई तत्कालीन ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्तियों का जमकर विरोध देखने को मिला था और हालत ऐसे हो गए थे कि एक गुट ने पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद सज्जन सिंह वर्मा का पुतला तक फूंक डाला था। लिहाजा विरोध यह भी नहीं थमा और लगातार हर कार्यक्रम में यह विरोध और गुटबाजी देखने को मिली थी। लिहाजा अब पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा का पुतला जलाने वालों को ही अध्यक्ष बना देने से कांग्रेस के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर जमकर विरोध कर रहे हैं वही कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी तक लिखित में शिकायत भेज चुके हैं लिहाजा कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दिनों में विरोध प्रदर्शन थमने की बजाय बढ़ता हुआ दिखाई देगा।




## ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति पर विरोध, कांग्रेस की अंदरूनी गुटबाजी उजागर

आष्टा के सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष की जारी हुई सूची में सिर्फ आष्टा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर की नियुक्ति पर विरोध के स्वर दिखाई दे रहे हैं और सोशल मीडिया पर ज्यादा यह असंतोष और नाराजगी देखने को मिल रही है। लिहाजा कांग्रेस की अंदरूनी कलह और गुटबाजी एक बार जगजाहिर हुई है जो स्थानीय कांग्रेस संगठन के कही से भी शुभ संकेत नजर नहीं आते हैं ऐसे में देखना होगा कि ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति पर उठे यह विरोध के स्वर कब तक उठते हैं और कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इस पर कितना संज्ञान लेता है।

## पूर्व मंत्री का पुतला जलाने वाले को बनाया अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी तक पहुंची शिकायत

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर की नियुक्ति पर उपजे विरोध के स्वर कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी तक पहुंच चुके हैं और कांग्रेस के स्थानीय एक गुट ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को लिखित शिकायत की है जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति पर कई सवाल खड़े किए हैं वही शिकायत में पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा का पुतला जलाने के गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता के साथ छलावा बताया है। आपको बता दें कि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी को हुई शिकायत में लिखा है कि आष्टा ब्लॉक में धर्मेंद्र ठाकुर को अध्यक्ष बनाना एकदम गलत निर्णय है धर्मेंद्र ठाकुर और उनके साथियों ने वर्ष 2023 में पूर्व सांसद पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा का पुतला दहन कर लगातार पिछले 3 वर्षों से आष्टा ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित किसी भी मीटिंग किसी भी धरना प्रदर्शन में शामिल नहीं हुए। ऐसे व्यक्ति को आष्टा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बना देना




आश्चर्यजनक है क्या पार्टी सही दिशा में आगे बढ़ रही है मध्य प्रदेश कांग्रेस का यह निर्णय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हम सबके नेता राहुल गांधी के द्वारा निर्धारित मापदंड के विपरीत है और हमारे नेताओं के सिद्धांत के विपरीत किया गया कार्य कोई भी आम कांग्रेस कार्यकर्ता कैसे बर्दाश्त करेगा। वही शिकायत में जितेंद्र शोभाखेड़ी को अध्यक्ष पद से हटाने पर भी सवाल खड़े करते हुए लिखा है कि जितेंद्र शोभाखेड़ी पिछले 23 वर्ष से कार्य कर रहे थे और कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में कई पदों पर कार्य कर चुके हैं तो फिर क्या कारण है की योजना बंध तरीके से जिले के सबसे सक्रिय अध्यक्ष को हटाकर आष्टा ब्लॉक अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर को बना दिया गया जो खुद वरिष्ठ नेता का पुतला जलाने में शामिल होते हैं और पार्टी के निर्णय का सम्मान नहीं करते हुए ब्लॉक कांग्रेस का बहिष्कार करते हैं तो आज उनके नेतृत्व में कांग्रेस का आम ईमानदार कार्यकर्ता कैसे कार्य करेगा। उक्त नियुक्ति को निरस्त कर कर काम करने वालों को प्रोत्साहित करे ताकि भविष्य में कांग्रेस कार्यकर्ता मजबूती संघर्ष कर पाए।

### वर्मा हमारे वरिष्ठ नेता है

तत्कालीन ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र शोभाखेड़ी नव नियुक्त अध्यक्षों के बीच कोई मतभेद नहीं है सबसे हमारी बातचीत हो रही है पार्टी का मामला है आपस में सुलझा लेंगे।

**राजीव गुजराती,** जिला अध्यक्ष कांग्रेस

# विकास, विश्वास और सेवा के दो वर्ष पूर्णः इंजीनियर

### विधायक ने किया निर्माण कार्य का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिस कांग्रेस ने इस देश मे 60 साल से अधिक राज किया उस कांग्रेस को मुझसे अच्छा कोई नही जान सकता,में कांग्रेस को अंदर से भी ओर बहार से भी अच्छी तरह जानता,समझता ओर पहचानता हु,जब मैने उसे पूरी तरह पहचान लिया तब में सीधे प्रभु श्रीराम की शरण मे आ गया,ओर आज रामभक्तों ने मुझे इस मुकाम पर पहुचा कर जनता की सेवा करने का अवसर ओर बड़ी ताकत प्रदान की,में अपनी पूरी ताकत इस क्षेत्र की सेवा,विकास में लगा दूंगा,आपको कभी शिकायत का मौका नही मिलेगा उक्त उदगार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जावर तहसील के ग्राम कजलास में 20 करोड़ 81 लाख की लागत से बनने वाले 9 किमी लम्बे जावर, कजलास, बीसूखेड़ी मार्ग के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। इस अवसर पर सीतलामाता मन्दिर मार्ग पर एक स्वागत गेट एवं दशहरा मैदान पर छत निर्माण हेतु 5 लाख की राशि देने की भी घोषणा की।

इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा की क्षेत्र के सभी ऐसे मंजरे टोले स्थल जो सड़क से वंचित है हमने करीब 200 मार्ग चिन्हित कर सरकार को इन सड़कों का प्रस्ताव भेजा है। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि जल्द ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हमारे द्वारा 2011 से 2019 तक की जो सूची हमारे सरपंचों द्वारा और नगर पालिका नगर परिषद द्वारा बनाई गई थी उन सबको हमने लगभग स्वीकृत की है। वही 16 हजार पीएम आवास और हम इस साल लाए हैं और वह पूरे क्षेत्र में गरीबों को मिलेंगे। नए जो नाम आवास योजना में जुड़े हैं उन्हें भी हम इसका लाभ प्रदान करेंगे।

विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना देखा है 2047 तक भारत आत्मनिर्भर भारत सशक्त भारत और शक्तिशाली बने। विकास कार्यों के द्वारा हम 2047 में आत्मनिर्भर भारत बनाकर विश्व के सामने खड़े होंगे। आज हमारी सरकार महिलाओं के लिए किसानों के लिए युवाओं के लिए गरीबों के लिए हर क्षेत्र में उनके उत्थान और विकास के लिए कार्य कर रही है। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि अब जल्द ही विधानसभा क्षेत्र के 202 ग्रामो के ग्रामीण और किसानों को नर्मदा का जल भी प्राप्त होगा। इस योजना से हमारे क्षेत्र की करीब 75 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी।

# चौरसिया सहायक सचिव संगठन अध्यक्ष नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जिले की जनपद पंचायत आष्टा में ग्राम रोजगार सहायक/सहायक सचिव संगठन की सफल बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में सहायक सचिव संगठन की नई कार्यकारिणी गठित की गई।

बैठक में उपस्थि सभी रोजगार सहायको एवं सहायक सचिव सभी की सर्वसम्मति से गौरव चौरसिया को जनपद पंचायत आष्टा को निर्विरोध सहायक सचिव संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गय। वही कार्यकारिणी अध्यक्ष के रूप में वीरेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष विनोद कुमार महेश्वरी, अचल मेवाड़ा, सचिव अनिल मालवीय, कोषाध्यक्ष राजन वर्मा, मीडिया प्रभारी लाडसिंह मालवीय, संजय जावरिया, देवराज वर्मा, विजय विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनपद पंचायत आष्टा जनपद के सभी सहायक सचिव साथीयो ने चैरसिया को बधाई दी।

# इनोवेटिव पब्लिक स्कूल ब्लू स्टार वाटर अवार्ड से हुआ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भू जल स्तर को बढ़ाने और जल संरक्षण के कार्यों को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार के साथ जिला प्रशासन देवास और अमृत संचय अभियान की टीम दृढ़ संकल्पित हैं। इसी उद्देश्य को लेकर जल संचय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रतिष्ठित ब्लू स्टार वाटर अवार्ड की शुरुआत की गई। इस अवॉर्ड के शुरुआत में जिले की 12 संस्थानों को सम्मानित एवं पुरस्कृत करने के लिए जिला प्रशासन और अमृत संचय अभियान टीम द्वारा ब्लू स्टार वाटर अवार्ड अलंकरण समारोह-2025 का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में भूजल संवर्धन हेतु उत्कृष्ट कार्य करने पर इनोवेटिव पब्लिक हा. से. स्कूल देवास को प्रतिष्ठित ब्लू स्टार वाटर अवार्ड प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कलेक्टर ऋतुराज सिंह, महापौर गीता अग्रवाल, यूनाइटेड किंगडम से लेखक एवं पर्यावरणविद प्रो.मार्क एंड्रयू, वाटर विजडम के निदेशक ओ.पी. शर्मा, सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल उपस्थित थे। संस्था के प्राचार्य सय्यद मक़सूद अली ने बताया की इस अवार्ड का मुख्य उद्देश्य जन आंदोलन के माध्यम से अमृत संचय अभियान को बढ़ावा देने के साथ ही पानी का संचयन करना हैं। इस अमृत संचयन अभियान के तहत इनोवेटिव पब्लिक स्कूल देवास ने लगभग 35 लाख लीटर पानी बचा कर जमीन में पहुंचाया है। इस अवसर पर अमृत संचय अभियान के प्रमुख डॉ सुनील चतुर्वेदी,डॉ समीरा नईम, गंगा सिंह सोलंकी, मनीष वैद्य, सफिया कुरैशी, श्रीकांत उपाध्याय उपस्थित थे।




# फार्मर रजिस्ट्री करवाना किसानों के हित के लिए आवश्यक : तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

फार्मर रजिस्ट्री एक सरकारी डिजिटल प्रणाली है जो किसानों की पहचान, उनकी जमीन और कृषि से जुड़ी सभी जानकारी को आधार कार्ड से जोड़कर एक यूनिक किसान आईडी देती है, जिससे उन्हें पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से और पारदर्शिता के साथ मिल सके, और यह भविष्य में योजनाओं का लाभ उठाने के लिए अनिवार्य है। उर्वरक वितरण के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 01 अक्टूबर 2025 से जबलपुर, विदिशा और शाजापुर जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किसान आईडी से आईडी में दर्ज जमीन के रकबे और लगाई गई फसल में अवश्यक उर्वरक की गणना कर ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण का नवाचार लागू किया गया जो सफल रहा एवं अब पूरे मध्यप्रदेश में यह लागू किया जा रहा है। इस तरह फॉर्मर रजिस्ट्री की ऐसे किसानों के जरूरी कामों में उपयोगिता अब दिखने लगी है।

यह एक डिजिटल डेटाबेस है जो किसानों के नाम, पता, आधार, बैंक खाता और कृषि भूमि के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से संग्रहित करता है। यह एक 11 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या होती है, जिसे किसान आईडी कहते हैं। फार्मर रजिस्ट्री का मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता, बिचौलियों को खत्म कर सीधे किसानों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। फार्मर रजिस्ट्री बनवाने से ऋण, बीमा और सब्सिडी के लिए बार-बार दस्तावेज जमा करने से मुक्ति मिलेगी। इसके डेटाबेस से सरकार के लिए किसानों की सही जानकारी पर आधारित योजनाएँ बनाने में मदद मिलेगी। फार्मर रजिस्ट्री पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण निधि की किश्तें आसानी से मिल सकेगी। फसल बीमा, क्षतिपूर्ति और आपदा राहत में आसानी होगी। ऋण और सब्सिडी, डिजिटल केसीसी और खाद सब्सिडी का लाभ किसानों को आसानी से मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री से आधुनिक खेती विभिन्न कृषि कार्यक्रमों और परामर्श से जुड़ सकेगी। अपने आधार कार्ड और जमीन के दस्तावेजों (खसरा, खतौनी) के साथ अपने हल्के के पटवारी से सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री करवाई जा सकती है। पटवारी किसानों की आधार ई-केवाईसी करेंगे और जमीन का विवरण अपलोड करेंगे।

इसके बाद किसान आईडी जेनरेट हो जाएगी। किसान बंधु स्वयं अथवा सी.एस.सी., सायबर कैफे आदि स्थानों से भी फार्मर आईडी बनवा सकते है। तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा ने बताया गया कि व्यापक प्रचार-प्रसार के बाद भी किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री में अधिक रूची दिखाई नहीं दे रहीं है। सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए गांव-गांव में पटवारीयों के माध्यम से कैम्प आयोजित किये जा रहे है। जहां किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री करवाई जा सकती है। किसानों को किसी प्रकार की समस्या आने पर वे तहसील कार्यालय जावर में भी सम्पर्क कर सकते है। पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण निधि तथा उर्वरक वितरण के लिए किसान आईडी जरूरी है। उन्होंने सभी किसानों से अपील की है कि वे अपनी भूमि की किसान आईडी अनिवार्य रूप से बनवाएं।

### संत गाडगे रजक समाज कल्याण समिति ने मनाया महापरिनिर्वाण दिवस

# स्वच्छता आंदोलन के जनक के रूप में संत गाडगे को किया याद





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शनिवार को राष्ट्रीय संत गाडगे महाराज की पुण्यतिथि 'महापरिनिर्वाण दिवस' के रूप में संत गाडगे रजक समाज कल्याण समिति द्वारा मनाया गया। मंडी क्षेत्र के श्यामपुर रोड स्थित नरसिंहगढ़ नाका पर आयोजित हुए कार्यक्रम में समाजनों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजजनों ने संत गाडगे बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में जमना प्रसाद मालवीय ने कहा कि संत गाडगे बाबा स्वच्छता के जनक थे। उन्होंने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली माध्यम बनाया था। पुरण लाल मालवीय ने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के गुरु भी संत गाडगे महाराज थे।

संत गाडगे महाराज को महान समाज सुधारक बताते हुए इमरत लाल मालवीय ने बताया कि आज देश को सही रास्ता दिखाने के लिए संत गाडगे जैसे महान संतों की जरूरत है। उन्होंने भिक्षा मांगकर कई विद्यालयों और धर्मशालाओं के साथ अस्पतालों का निर्माण कराया। लेकिन खुद ताउम्र सड़क की पटरियों और पेड़ों के नीचे रहकर अपनी जिंदगी गुजार दी। उन्होंने इतना ही नहीं उन्होंने अपने पूरे जीवन में कई अनाथालय, रैन बसेरा और नदियों और तालाबों के किनारे पक्के घाटों का निर्माण कराया। वह जिस रास्ते पर चलते थे उसे साफ करते हुए चलते थे इसलिए उनको स्वच्छता आंदोलन के जनक के रूप में भी याद किया जाता है।

उन्होंने आजीवन अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया। संत गाडगे महाराज ने कहा कि वह बाह्य आडम्बर के घोर विरोधी थे। उनके अन्दर परोपकार की भावना कूट-कूट कर भरी थी। जुल्म और ज्यादती उन्हें पसन्द नहीं थी ,वह हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करते रहे।

## चार जनवरी को होगी सामाजिक बैठक

आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान आगामी कार्य योजना और समिति गठन को लेकर भी चर्चा की गई। जहां पर निर्णय लिया गया कि आगामी चार जनवरी को नव वर्ष मिलन समारोह के साथ संत गाडगे रजक समाज कल्याण समिति का गठन कर समाज के वरिष्ठजन और युवाओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इस दौरान जमना प्रसाद मालवीय, पूरन लाल मालवीय, ताराचंद मालवीय, इमरत लाल मालवीय, मुकेश बरेठा, श्याम मालवीय, राकेश मालवीय, गोविंद मालवीय, गिरधारी लाल मालवीय, हेमंत मालवीय, देवेंद्र मालवीय आकाश रजक, अमन रजक, संदीप मालवीय, अभिषेक रजक, रितिक रजक, शुभम मालवीय सहित अन्य लोग उपस्थित थे। गोविंद मालवीय ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया

# शास.महाविद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर में टैली विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।विषय विशेषज्ञ हर्ष शर्मा, संचालक इनोवेटिव कंप्यूटर अकादमी, आष्टा ने उपस्थित स्टॉफ को टैली, लेजर, बैलेंस शीट, एवं स्टॉक एंट्री आदि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। शर्मा ने उदाहरण के माध्यम से उपस्थित फैकल्टीज के प्रश्नों के उत्तर दिए औऱ ऑफिस वर्क को कैसे आसान बनाये जाये आदि से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का संचालन नीतू परवाल एवं आभार प्रदर्शन राकेश कुमार सोलंकी ने किया। इस अवसर पर डॉ. विजय यादव, डॉ. शर्मीला गाँगले, प्रीति कुशवाह, भीमसेन मालवीय, जीतेन्द्र ठाकुर, पुलकित शर्मा, राजवीर ठाकुर आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।